दोकोमो ने जोड़े टाटा टेलीसर्विसेज से तार

नई दिल्ली। जापान की सबसे बड़ी टेलीकाम कंपनी - एनटीटी दोकोमो ने टाटा टेलीसर्विसेज [टीटीएल] से दिल के तार जोड़ लिए हैं। इसके तहत एनटीटी ने देश की चौथी प्रमुख मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी टीटीएल में 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीद ली है। इसके लिए यह 2.7 अरब डॉलर [करीब 13 हजार 70 करोड़ रुपये] की रकम चुकाएगी। टाटा टेलीसर्विसेज टाटा समूह की अनुषंगिक कंपनी है। यह देश में टाटा इंडीकाम के ब्रांड नेम से मोबाइल सेवाएं प्रदान करती है। जापानी कंपनी ने दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते मोबाइल सेवा के बाजार में पांव फैलाने के इरादे से अधिग्रहण का सौदा किया है। टीटीएल की कीमत 10.4 अरब डॉलर [करीब 50 हजार करोड़ रुपये] आंकी गई है। इस सौदे को एनटीटी के बोर्ड की पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। टाटा टेलीसर्विसेज लंबे समय से अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए खरीदार की तलाश में थी। यहीं जापानी कंपनी भी काफी समय से विश्व के दूसरे बड़े मोबाइल फोन सेवा के बाजार में प्रवेश करने की कोशिश कर रही थी। दोनों कंपनियों के बीच इस बारे में सितंबर से बातचीत चल रही थी। टीटीएल ने दो वर्ष पहले साउथ कोरिया टेलीकाम के साथ भी बातचीत चलाई थी, लेकिन यह अंजाम तक नहीं पहुंची। सिबर्ज के मुताबिक दोकोमो को टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा सन्स के जरिए संयुक्त रूप से टीटीएल [महाराष्ट्र] के 20 फीसदी शेयर खरीदने के लिए खुली पेशकश करनी होगी। टीटीएल की यह सहयोगी कंपनी भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध है। इसे 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में 47 करोड़ रुपये से ज्यादा घाटा हुआ है। सिबर्ज में जापानी कंपनी को शामिल की यह ताजा कड़ी है। इससे पहले एनटीटी ने बांग्लादेश की तीसरे नंबर की मोबाइल सेवा कंपनी का 350 करोड़ डॉलर में अधिग्रहण किया था। इस सौदे के साथ एनटीटी की अब ब्रिटेन की वोडाफोन, मलेशिया की मैक्सिस व टेलीकाम मलेशिया,संयुक्त अरब अमीरात की एतिसलात और नार्वे की टेलीनोर जैसी विदेशी कंपनियों की कतार में शुमार हो गई है। ये सभी कंपनियां स्थानीय संयुक्त उद्यम के जरिए भारत में मौजूद हैं।

वोडाफोन ने हच-एस्सार में हच की दो तिहाई हिस्सेदारी खरीदी थी। मैक्सिस ने बी.के. मोदी की स्वामित्व टेलीकाम में 40 फीसदी हिस्सा खरीद रखा है। एतिसलात ने नई कंपनी स्वान टेलीकाम में 45 फीसदी हिस्सा और टेलीनोर ने यूनीटेक वायरलेस में 60 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का हाल ही में सौदा किया है।